भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 15.07.2023

आरेडिका के आरपीएफ बैरक परिसर में किया गया वृक्षारोपण।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 15.07.2023 को वृक्षारोपण अभियान के तहत आरपीएफ बैरक परिसर में महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ जामुन, आम, आंवला, अमरूद आदि के फलदार एवं छायादार 450 वृक्षों का रोपण किया।

यह वृक्षारोपण कार्यक्रम पीसीएससी श्री रमेश चन्द्र के मार्गदर्शन में किया गया। वृक्षारोपण के लिए आरपीएफ के जवानों ने श्रमदान के माध्यम से वृक्षारोपण के लिए तैयार गडढों में पौधों के रोपण का कार्य किया।

महाप्रबंधक महोदय ने पौधों को बरसात के बाद पानी की कमी से बचाने के लिए सिंचाई की उचित व्यवस्था हेतु वाटर पोइंट बनाने एवं टैंकर द्वारा जल आपूर्ति के लिए निर्देशित किया ताकि नव रोपित पौधों को बचाया जा सके।

आगे इसी कड़ी में महाप्रबंधक महोदय ने आरपीएफ बैरक परिसर का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं के सुचारू रुप से संचालन से प्रसन्न होकर आरपीएफ के जवानों को नगद पुरस्कार प्रदान किया।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई श्री शमशेर सिंह कलसी, सीएओ संजय कुमार कटियार, पीसीईई श्री हरीश चन्द्र, पीसीपीओं श्री अमर नाथ दुवे, पीसीएमओ श्री एम के शकरवाल, पीसीई श्री राजेश अग्रवाल, सहित प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं उच्च अधिकारीगण तथा आरपीएफ के जवानों ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

15/7/2023
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी